# सेवानिवृति पर शाल-श्रीफल देकर सम्मान किया

नईदुनिया संजय चौहान 9406689018



नेपा लिमिटेड से सेवानिवृत्त हुए अधिकारी-कर्मचारी। • नईदुनिया

नईदुनिया न्यूज, नेपानगरः बुधवार को नेपा लिमिटेड से अपनी सेवा अवधि पूर्ण कर चुके चार कर्मचारी और अधिकारी सेवानिवृत्त हुए। विभाग द्वारा शाल-श्रीफल से सम्मान कर विदाई दी गई। पश्चात मिल गेट और प्रशासनिक भवन के गेट पर स्वजन द्वारा सम्मान कर गाजे बाजे के साथ घर ला गया। तिलक लगाकर प्रवेश कराया गया। देर शाम लोगों बधाई देने पहुंचते रहे। सेवानिवृत्ति में श्रम कल्याण विभाग के सहायक अधिकारी संदीप जवादे, केंद्रीय भंडार से मनोज जवादे, उपप्रबंधक संपदा से सुब्रोजित दास, वाटर वर्क्स विभाग से भिका जयराम और कर्मचारी कल्याण एवं संबंध से सूरज तायड़े सेवानिवृत्त हुए।

संदीप जवादे ने बताया-1987 में नेपा लिमिटेड की हाईस्कूल से अपनी सेवा आरंभ की थी। वर्षो तक अध्यापन का कार्य करने के बाद नेपा लिमिटेड में ट्रांसफर हुआ। आज 37 वर्षो की सेवा कर कार्यमुक्त हो रहा हूं, लेकिन अपनी जिम्मेदारी और सेवा से नहीं। उन्होंने कहा कि कंपनी को जब भी मेरी जरूरत होगी तत्पर रहूंगा। पत्नी वंदना जवादे सहित इष्ट मित्रों ने स्वागत किया। इसी प्रकार संपदा विभाग के उप प्रबंधक सुब्रोजित दास ने कहा-1995 में नेपा मिल में नौकरी आरंभ की। करीब दो साल तक संपदा विभाग उप प्रबंधक के पद पर कार्य से सेवानिवृत्त हुए। सभी का स्वजन द्वारा घर पहुंचने पर तिलक लगाकर सम्मान हुआ। लोगों ने उपहार देकर उनके सुखी और स्वस्थ जीवन की कामना की है।

# नेपा मिल में एक साथ 6 कर्मचारी सेवानिवृत्त, समारोह में दी विदाई



**नेपानगर@ पत्रिका.** नेपा मिल से बुधवार को एक साथ पांच कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गए। स्टाफ की ओर से उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। मिल में उनके द्वारा दिए गए योगदान को याद किया गया। बुधवार के संपदा विभाग के उप प्रबंधक सुभ्रजीत दासख विशेष कुशल कर्मचारी पेपर मशीन सूरज कुमार विश्वनाथ, सहायक अधिकारी कर्मचारी संबंध व कल्याण संदीप कुमार जवादे, विशेष कुशल कर्मचारी ईटी प्लांट भीका जयराम, उप प्रबंधक भंडार मनोज कुमार जवादे सेवानिवृत्त हुए। स्टाफ ने उनके कामों की सराहना की।

01/08/2024 | burahanpur | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/